1	2	3
मुरादाबाद	मुरादाबाद	कार्पोरेशन बैंक
कानपुर	किदवई रोड	-तदैव-
झांसी	टेशनरोड	पी०एन०बी०
मुरादाबाद	मजोला दिल्ली रोड	-तदैव-
जौनपुर	शंकर मंडी	-तदैव-
गाजियाबाद, हापुर	सुरजपूर-कासना औद्य० क्षेत्र	यूनियन बैंक आफ इंडिया

गुजरात में जीवन बीमा निगम की शाखायें

6410. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 अक्तूबर, 1993 की स्थिति के अनुसार गुजरात में कार्यरत जीवन बीमा निगम की शाखाओं की संख्या का सर्कल-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान जीवन बीमा निगम द्वारा सर्कल-वार तथा शाखा-वार कितनी-कितनी धनराशि अर्जित की गई तथा क्या सेवायें प्रदान की गई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान निगम द्वारा कितनी धनराशि का निवेश किया गया तथा पूंजी निवेश में वृद्धि करने के लिए क्या ठोस कदम उठाये गये अथवा उठाये जाने का विचार है;

(घ) क्या सरकार द्वारा गुजरात के लोगों को बीमा योजना के अधीन लाने के लिए कोई विशेष योजना बनाई गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) गुजरात में जीवन बीमा निगम की प्रभाग-वार शाखाओं की संख्या निम्नलिखित है:

प्रभाग	शाखाओं की संख्या
अहमदाबाद	29
गांधीनगर	25
वडोदरा	16
राजकोट	18
भावनगर	10
सूरत	21
नाडियाड	17
	136

(ख) और (ग) जीवन बीमा कारोबार में लाभों की कोई प्रणाली नहीं होती। फिर भी समूचे निगम को परिसम्पत्तियों और देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन द्वारा अधिशेष का निर्धारण किया जाता है। इस प्रकार के अधिशेष का 95 प्रतिशत भाग पालिसी धारकों में बांट दिया जाता है और 5 प्रतिशत भाग सरकार को अदा किया जाता है। विगत तीन वर्षों के दौरान जीवन बीमा निगम द्वारा गुजरात के नाडियाड को छोड़कर जो 1993-94 में ही बना है, छः प्रभागों में प्रभाग-वार और शाखा-वार किए गए कारोबार का ब्यौरा तथा उस अवधि के दौरान निगम द्वारा निवेशित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 170, अनुपत्र में 132] गुजरात सहित सभी राज्यों में स्वीकृत मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार अपना कारोबार और निवेश बढ़ाने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा सतत प्रयास किए जाते हैं।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Disposal of Complaints by SEBI

6411. SHRI ISH DUTT YADAV:
CHAUDHARY HARMOHAN SINGH:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the complaints sent to SEBI and Stock Exchange are not disposed of effectively and immediately by the Registrar Office;

(b) if so, what is Government's reaction;

(c) the number of complaints received every year in SEBI and Stock Exchange during the last three years; and

(d) the number of complaints disposed of during the same period?

THE MINISTER OF STATE IN THE